OM - 20- 2021 FINAL FILE_Page 1 and 2 12/29/2021 12:05 PM Page 12



# 'दिव्य प्रकाश सरोवर' भूमि पूजन

**जलगांव-महा.।** शांति, शक्ति तथा दिव्य गुणों का प्रकाश स्तम्भ बनकर मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाने का कार्य दिव्य प्रकाश सरोवर द्वारा होगा। उक्त विचार ब्रह्माकुमारीज़ उपक्षेत्र द्वारा नियोजित दिव्य प्रकाश सरोवर ट्रेनिंग सेंटर के भूमिपूजन कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ के कार्यकारी सचिव राजयोगी ब्र.कु. मृत्युंजय भाई ने व्यक्त किये। उपक्षेत्रीय निदेशिका ब्र.कु. मिनाक्षी दीदी ने कहा कि दिव्य प्रकाश सरोवर द्वारा व्यसनमुक्त, अवगुणमुक्त निर्विकारी समाज के निर्माण का कार्य होगा। भूमि शुद्धिकरण कार्यक्रम में मेजर नाना वाणी,अध्यक्ष,भगीरथ इंग्लिश स्कूल, ब्र.कु. डॉ. सोमनाथ वडनेरे, धीरज भाई सोनी, डॉ. किरण पाटील, राधेश्याम मुंदड़ा, शोभा मुंदड़ा, नगरसेवक पिंप्राला, सरपंच सावखेडा व अन्य गणमान्य लोगों सहित माउण्ट आबू व स्थानीय ब्र.कु. भाई-बहनें उपस्थित रहे। ब्र.कु. वर्षा बहन ने सभी का स्वागत किया। मंच संचालन ब्र.कु. प्रांजली बहन व ब्र.कु. अश्विनी बहन ने किया।



### तीन एकड़ में बनेगा रिट्रीट सेंटर

इस सेवा प्रकल्प के प्रथम चरण में बड़ा ऑडिटोरियम, कॉन्फ्रेन्स हॉल, शिवबाबा का भण्डारा, किचन, आवासीय व्यवस्था, लॉन, बगीचे आदि की व्यवस्था होगी। दूसरे चरण में अत्याधुनिक तकनीकी के साधनों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रदर्शनियों का अवलोकन, म्युज़ियम आदि, व्यसनमुक्ति के लिए आध्यात्मिक परामर्श क्लिनिक, मेडिकल सहायता के लिए एवर हेल्दी डिस्पेन्सरी, मीडिया सर्विस सेंटर, यौगिक खेती अनुसंधान, मूल्य शिक्षा तथा अन्य प्रभाग की गतिविधियां भी चलेंगी।

## 'ए रिट्रीट टू री-कनेक्ट, री-चार्ज एंड रेज्युवनेट'

# फिनान्स प्रोफेशनल्स के लिए मेडिटेशन रिट्रीट

**ओ.आर.सी.-गुरूग्राम।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा फिनान्स प्रोफेशनल्स के लिए 'ए रिट्रीट टू री-कनेक्ट, री-चार्ज एंड रेज्युवनेट' विषय पर दो दिवसीय मेडिटेशन रिट्रीट के उद्घाटन में केज़ाला मोहम्मद बसवारी,एक्टिंग एम्बेसडर,यूगांडा हाई कमिशन, राजेश्वर सिंघल,रिटा.आई.ए.एस. ऑफिसर, सी.ए. रोहित वाशवानी,प्रेसीडेंट,भारतीय विद्वा सलाहकार समिति,दिल्ली, प्रेम गोलानी,वाइस प्रेसीडेंट,येस बैंक, रमन त्यागी,चीफ मैनेजर,स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, नेहा वाधवा,डायरेक्टर, अमेरिकन एक्सप्रेस, निशा कालरा,असिस्टेंट वाइस प्रेसीडेंट, बार्क्लेज़, मनोज,ईपीएफओ कमिश्नर, फरीदाबाद तथा श्रीमति मिनाक्षी सिंघल,प्रिन्सीपल,पाथवेज़ वर्ल्ड स्कूल गुरूग्राम आदि गणमान्य अतिथियों सहित ओ.आर.सी. निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. आशा दीदी, ब्र.कु. येशू बहन, ब्र.कु. हुसैन बहन आदि उपस्थित रहे। रिट्रीट के दौरान ब्र.कु. आशा दीदी ने सभी को ब्रह्माकुमारी संस्थान एवं इसकी गतिविधियों से



परिचित कराया। ब्र.कु. दिव्या बहन ने 'हार्मनी इन रिलेशनशिप' विषयक सत्र को सम्बोधित किया। 'कनेक्टिंग विद् योरसेल्फ' एंड 'नोइंग द सुप्रीम' विषय पर ब्र.कु. लक्ष्मी बहन ने अपने विचार रखे। 'रीचार्जिंग योरसेल्फ थ्रू मेडिटेशन' विषय पर ब्र.कु. रमा बहन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया तथा जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा ब्र.कु. शिवानी बहन ने 'रेज्युवनेट योरसेल्फ' विषय पर सम्बोधित करते हुए आज के परिदृश्य में मेडिटेशन को जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।



इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों के लिए इंटेरेक्टिव वर्कशॉप, प्रश्न-उत्तर सत्र, सामूहिक वाद-विवाद सत्र, विभिन्न खेल सत्र, राजयोग मेडिटेशन आदि सत्रों का आयोजन किया गया।

**गवर्नमेंट, सेमी-गवर्नमेंट, कॉर्पोरेट सेक्टर्स तथा अन्य कार्य क्षेत्र से फिनान्स एंड बैंकिग प्रोफेशनल्स हुए शामिल**

## 'स्व-सशक्तिकरण से राष्ट्र-सशक्तिकरण'

# अभियान का विश्व शांति भवन में भव्य स्वागत

**भरतपुर-राज.।** ब्रह्माकुमारीज़ के सुरक्षा सेवा प्रभाग द्वारा आयोजित दिल्ली से अहमदाबाद तक जाने वाले 'स्व-सशक्तिकरण से राष्ट्र-सशक्तिकरण' अभियान के स्थानीय सेवाकेंद्र विश्व शांति भवन पहुँचने पर रिटायर्ड कर्नल ओमवीर, कर्नल तेजराम द्वारा अभियान यात्रियों का पुष्पों से स्वागत किया गया। इसके अंतर्गत जगह-जगह जैसे पुलिस ट्रेनिंग स्कूल बांसी खुर्द भरतपुर, एनसीसी, एमएसजे कॉलेज भरतपुर, 7वीं आरएसी बटालियन भरतपुर, सेंट्रल जेल सेवर भरतपुर, टेक्नोलॉजी पार्क सेवर आदि स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये गए। राजयोगिनी ब्र.कु. कविता दीदी,सह प्रभारी,आगरा सबज़ोन, जिला प्रभारी भरतपुर ने कहा कि अभियान का लक्ष्य सुरक्षा बलों को आंतरिक रूप से सशक्त करना है। आंतरिक सशक्तिकरण ही वर्तमान



चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने की सहज विधि है। अभियान की ग्रुप लीडर ब्र.कु.अस्मिता बहन,रानी,पाली ने बताया कि जैसे मोबाइल को चार्ज करने के लिए पॉवर की आवश्यकता होती है उसी प्रकार आत्मा को चार्ज करने के लिए मेडिटेशन की आवश्यकता है। अभियान यात्री ब्र.कु. मिनाक्षी बहन,दिल्ली, रिटार्ड कर्नल ब्र.कु. आर एम. सिंह तथा ब्र.कु. हेम सिंह,माउण्ट आबू ने भी अपने विचार रखे। ब्रजेश चौधरी,कमांडेंट, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल बांसी, देवेंद्र बिश्नोई, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक,भरतपुर, ब्रजेश उपाध्याय,आईपीएस,सीओ, ग्रामीण भरतपुर, विवेक शर्मा, प्रिंसिपल, एमएसजे कॉलेज भरतपुर, कर्नल हरवीर सिंह,एनसीसी यूनिट,एमएसजे कॉलेज भरतपुर, आलोक शर्मा,डायरेक्टर,श्री हरिदत्त ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट सेवर, राकेश फौजदार,समाज सेवी, डॉ. सुदर्शना सोलंकी,वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, अभिषेक शर्मा,उप अधीक्षक,सेवर जेल, होतीलाल,कार्य वाहक,दंड पालक 7वीं आरएसी ने भी अपनी शुभकामनायें दी एवं अभियान यात्रियों को शॉल, मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। ब्र.कु. प्रवीणा बहन एवं ब्र.कु. गीता बहन ने राजयोग का अभ्यास कराया। सभी यात्रियों को विश्व शांति भवन से रूहानी सेना नायकों के ख़िताब से नवाज़ कर अगले पड़ाव के लिए भावभीनी विदाई दी गई।

# सच्चे 'जीवन लक्ष्य' की प्राप्ति यहाँ

**जयपुर-वैशाली नगर (राज.)।** ब्रह्माकुमारीज़ के वैशाली नगर सेवाकेन्द्र के चौबीसवें वार्षिकोत्सव में जिला प्रमुख रमा चोपड़ा ने कहा कि ब्रह्माकुमारियों द्वारा किये जा रहे सतयुग निर्माण कार्य में मैं सदा साथ हूँ और सभी से निवेदन करती हूँ कि वे भी इस महान कार्य में अपनी भागीदारी निभाएं। आई.ए.एस. जे.सी. मोहन्ती ने कहा कि इस संस्थान द्वारा जीवन में उलझे हुए मनुष्य को सच्चे जीवन-लक्ष्य की प्राप्ति होती है और जीवन में दिव्यता का समावेश होता है। क्षेत्रीय पार्षद प्रवीण यादव ने कहा कि आज समाज में बढ़ रही सामाजिक बुराइयों को मिटाने में आध्यात्मिकता आवश्यक है जिसमें ब्रह्माकुमारीज़ की महान भूमिका है। हमें ऐसे ही अनेक भवनों का



निर्माण कर मानव के चरित्र उत्थान के कार्य को आगे बढ़ाना है। विश्व धर्म चेतना मंच जयपुर ब्रांच के चेयरमैन संजय शर्मा ने कहा कि यहाँ जो आत्मजागृति का अभियान चलाया जा रहा है वह अति महानतम कार्य है जिसमें पूरी मानव जाति को अपना सम्पूर्ण सहयोग देना चाहिए। इस मौके पर दाना शिवम् अस्पताल के डायरेक्टर एस.पी. यादव, डॉ. साधना शंकर, मोती चोपड़ा, आई.ए.एस. कृष्ण कुमार आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सेवाकेन्द्र के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में पिछले दस दिनों से विविध कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं, जिनके विजेता भाई-बहनों को पुरस्कृत किया गया।

# खुशनुमा जीवन के लिए मूल्याधारित जीवन आवश्यक

**ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के जवानों के लिए किया गया मोटिवेशनल कार्यक्रम**

**'खुशी का आधार तनाव मुक्त जीवन' विषय पर बहनों द्वारा दिये गये सम्बोधन व टिप्स**

**डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट सहित 40 जवान हुए शामिल**

**छतरपुर-म.प्र.।** आज बदलते ज़माने के साथ लोगों के विचारों में भी बदलाव आ गया है। जब हम सुबह उठते हैं तो सबसे पहले अपने मोबाइल में व्हाट्स एप्प चेक करते हैं और सबको गुड मॉर्निंग का मैसेज भेजते हैं, लेकिन यदि गुड मॉर्निंग का उत्तर नहीं मिलता तो बैड मॉर्निंग हो जाती है। इसलिए हमें सबसे पहले उठकर परमपिता परमात्मा, उस सर्वोच्च सत्ता को गुड मॉर्निंग करना चाहिए जिसने हमें एक नई सुबह दी है, यह जीवन प्रदान किया है। उक्त उद्गार ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के जवानों के लिए आयोजित कार्यक्रम में ब्र.कु. कल्पना बहन ने व्यक्त किये। ब्र.कु. रमा ने कहा कि जीवन को खुशनुमा बनाने के लिए मूल्य आधारित जीवन जीना आवश्यक है। ब्र.कु. रीना ने बताया कि खुशी हमारी अंतर चेतना में समाई हुई है इसलिए खुशी प्राप्त करने के लिए हमें समय निकाल कर स्वयं से मुलाकत करना चाहिए ताकि हम उस खुशी को अंदर से जागृत कर सकें। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड करन सिंह, प्लाटून कमांडर संजय गौड़ सहित 40 जवानों ने भाग लिया व अवसर का भरपूर लाभ व आनंद उठाया।



RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 3rd Jan, 2022
स्वामी - राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन, प्रकाशक एवं सम्पादक - गंगाधर नरसिंघानी, मुद्रक - श्री मुकेश मंगल, डी.बी. कॉर्प.लि. द्वारा भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस,शिवदासपुरा, टोंक रोड,जयपुर से मुद्रित एवं ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन, आबू रोड(राज.)- 307510
See Latest News - www.omshantimedia.org